# नर्सिंग घोटाले को लेकर आक्रामक हुई कांग्रेस

## थाने में सुंदरकांड पाठ पर भड़के दिग्विजय सिंह

**भोपाल ,(निप्र)।** मध्य प्रदेश के कथित नर्सिंग घोटाले को लेकर प्रदेश की सियासत गरमाई हुई है। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर आक्रामक मोड में है। इसी के चलते मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मोहन सरकार में कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस पार्टी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रही है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने इसे लेकर मोर्चा संभाल लिया है। कांग्रेस नेताओं ने मंत्री विश्वास सारंग पर केस दर्ज करने के लिए अशोका गार्डन थाने तक पैदल मार्च किया है। साथ ही थाने में चल रहे सुंदरकांड को देखकर वह भड़क गए हैं।

दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। व्यापम घोटाले से लेकर नर्सिंग कॉलेज में घोटाला हुआ है। हम यहां एफआईआर दर्ज कराने आए हैं, लेकिन विश्वास सारंग के गुंडे हमें रोकने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री विश्वास सारंग को छात्रों से माफी मांगनी चाहिए और खुद ही इस्तीफा दे देना चाहिए।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव किया

कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को प्रदेश की राजधानी भोपाल के अशोका गार्डन थाने का घेराव किया। साथ ही कथित नर्सिंग घोटाले को लेकर कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। दरअसल, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान उन्होंने अशोका गार्डन थाने का रुख किया।




हालांकि, थाने के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिसके बाद पुलिस ने कांग्रेस कार्यकताओं को थाने के बाहर ही रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कथित नर्सिंग घोटाले को लेकर मोहन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि व्यापाम से लेकर अब तक जितनी भी भर्ती परीक्षाएं हुई हैं, उन सब में भ्रष्टाचार हुआ है। इस भ्रष्टाचार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य रहे हैं।

### अपात्र कॉलेजों को मान्यता दी गई

उन्होंने कहा कि जिस तरह से नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता दी गई और यहां भ्रष्टाचार हुआ है। अपात्र तरीके से कॉलेजों को मान्यता देकर उन्होंने नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय किया है। इसलिए मंत्री विश्वास सारंग से इस्तीफा लेना चाहिए और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए।

### थाने में सुंदरकांड पर भड़क गए

दिग्विजय सिंह जब वहां प्रदर्शन के दौरान पहुंचे तो अशोका गार्डन थाने में सुंदर कांड चल रहा था। सुंदर कांड कथित रूप से बीजेपी कार्यकताओं द्वारा किया जा रहा था। इस पर दिग्विजय ने कहा कि हमने थानेदार से पूछा तो उन्होंने कहा कि हमलोग कर रहे हैं। इस पर दिग्विजय सिंह ने कहा है कि कल से थानों में गुरुनानक जयंती और ईद भी मनेगी। गौरतलब है कि राज्य में हुए नर्सिंग घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। इस मामले में कई कॉलेज संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज होने के साथ गिरफ्तारियां भी हुई हैं। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस लगातार तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग पर आरोप लगा रही है। कांग्रेस ने इस मामले में विधानसभा में भी जमकर हंगामा किया था और उसके बाद भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के आह्वान भी कांग्रेस नेता सड़कों पर उतरे थे।

# मुनिश्री निष्पक्ष सागर ससंघ का आज होगा मंगल प्रवेश




**आष्टा ,(निप्र)।** समाजजनों की विनती पर नवाचार्य श्री समय सागर के आशीर्वाद से समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री निष्पक्ष सागर ससंघ चार मुनि राजों का चातुर्मास- 2024 धर्म मय नगरी आष्टा में होगा। उक्त मुनि संघ लंबा मंगल विहार करते हुए शुक्रवार 19 जुलाई की दोपहर 2 बजे भोपाल नाके से समाज जनों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा अगवानी करके गाजे -बाजे के साथ नगर प्रवेश कराया जाएगा । नगर प्रवेश की तैयारी श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति एवं मुनि सेवा समिति द्वारा की गई है। श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पूज्य मुनिश्री निष्पक्ष सागर महाराज, मुनिश्री निष्प्रह सागर महाराज, मुनिश्री निष्कंप सागर महाराज एवं मुनिश्री निष्काम सागर महाराज का ससंघ चातुर्मास का लाभ समाज जनों एवं श्रद्धालुओं के पुण्योदय से मिला है। मुनि संघ का 19 जुलाई की दोपहर 2 बजे भोपाल नाके से नगर प्रवेश होगा। कदम - कदम पर पाद प्रक्षालन किया जाएगा। मुनि संघ को जुलूस के रूप में सिविल अस्पताल के समीप से परदेशीपुरा, बुधवारा,गल चौराहा, मानस भवन रोड़ से सुभाष चौक चार बत्ती चौराहा से गंज मंदिर, सिकंदर बाजार, बड़ा बाजार,भवानी चौक पुरानी सब्जी मंडी से श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर पहुंचेगा। मुनिश्री के आशीष वचन होंगे।

# लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन मीट



**विदिशा ,(निप्र)।** होटल ग्रैंड अशोका में रीजन चेयरपर्सन लायन संध्या शिलाकारी द्वारा लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन मीट आयोजित की गई। वे सत्र 24 /25 की डिस्ट्रिक्ट 3233˘2 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला मनीष शाह द्वारा रीजन 8 की रीजन चेयर पर्सन नियुक्त की गई हैं । सत्र के आरंभ में ही उन्होंने अपने 16 क्लबो के पदाधिकारियों को आमंत्रित कर स्कूलिंग का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि पी.डी .जी.एम .जे. एफ. लायन अतुल रतनशी शाह, मुख्य वक्ता भोपाल से पधारे पी.डी.जी .लायन कमल भंडारी ,विशेष अतिथि सागर से पधारे लायन राम लखन यादव एवं विदिशा से लायन शशि अग्रवाल एवं रीजन एडवाइजर लायन शरद विश्वकर्मा टीकमगढ़ से पधारे । रीजन कोऑर्डिनेटर मुदित बंसल एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन रवि उपाध्याय कार्यक्रम के प्रभारी रहे । रीजन चेयर पर्सन द्वारा स्वागत भाषण दिया गया । तत्पश्चात सभी स्पीकर अतिथियों द्वारा 2 घंटे की स्कूलिंग आयोजित की गई । सागर, टीकमगढ़ ,गंज बासौदा, सांची ,शमशाबाद, विदिशा के 16 लायंस क्लब पदाधिकारी ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी पूर्व रीजन चेयरपर्सन, एमजेएफ लायन साथी ,सभी डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन एवं क्लब के वरिष्ठ लायन साथी सम्मिलित रहे । चारों जॉन चेयरपर्सन लायन आरती शर्मा, रेखा गुप्ता , राजेश जैन प्रीत, एवं रोमांस नायक द्वारा भी उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रीजन चेयरपर्सन संध्या सिलाकारी द्वारा किया गया । अंत में वरिष्ठ लायन लीडर सी.एल. गोयल द्वारा आभार व्यक्त किया गया। एवं रीजन चेयरपर्सन लायन संध्या सिलाकारी द्वारा सभा समाप्ति की घोषणा की गई।



भोपाल. तेज बारिश से सड़कों पर भरा बारिश का पानी

# ट्रेन की चपेट में आए दो शावकों की हालत गंभीर

### रीढ़ की हड्डी टूटी, 5 डॉक्टर की टीम कर रही इलाज

भोपाल ,(निप्र)। बुदनी मिडघाट पर ट्रेन की चपेट में आए दोनों बाघ शावकों का भोपाल के वन विहार स्थित अस्पताल में इलाज जारी है। 5 डॉक्टरों की टीम दोनों बाघ शावकों का इलाज कर रही है। बुदनी मिडघाट पर ट्रेन की चपेट में आए दोनों बाघ शावकों का भोपाल के वन विहार स्थित अस्पताल में इलाज जारी है। पांच डॉक्टरों की टीम दोनों बाघ शावकों का इलाज कर रही है। बुदनी मिडघाट पर ट्रेन की चपेट में आए दोनों बाघ शावकों का भोपाल के वन विहार स्थित अस्पताल में इलाज जारी है। दोनों बाघ शावकों का एक्सरे किया गया जिसमें सामने आया कि दोनों बाघ शावकों के वर्टिब्रल कॉलम (रीढ़ के साथ ही पेल्विक गर्डन कूल्हे की हड्डी में मल्टीपल फ्रैक्चर है। दोनों बाघ शावकों का एक्सरे किया गया। जिसमें सामने आया कि दोनों बाघ शावकों के वर्टिब्रल कॉलम रीढ़ के साथ ही पेल्विक गर्डन कूल्हे की हड्डी में मल्टीपल फ्रैक्चर है। दोनों बाघ शावकों को दिए गए एनेस्थीसिया का असर खत्म होने के बाद उन्हें खाने में चिकन दिया गया। बता दें सोमवार को बुदनी क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक बाघ की मौत हो गई थी, जबकि उसके साथ दो शावक घायल हो गए थे।

## विधायक सबनानी से सुनी रहवासियों की समस्याएं

**भोपाल ,(निप्र)।** बीजेपी विधायक भगवानदास सबनानी भोपाल में नीलावड़ के भावना परिसर कॉलोनी पहुंचे। जहां उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर पौधरोपण किया और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। वहीं विधायक सबनानी ने भावना परिसर के लोगों की समस्या सुनीं। समस्याओं के निराकरण की बात कही। उन्होंने अवैध तरीके से बन रही कॉलोनियों को लेकर कहा कि कई बार लोग सस्ते प्लॉट के चक्कर में प्रॉपर्टी ले लेते हैं। अब ऐसे बिल्डरों और कॉलोनाइजर पर सख्त कार्रवाई होगी। वहीं सबनानी ने ये भी कहा की जहां घर बने हैं। वहां बुनियादी सुविधा दी जाएगी। विधायक सबनानी ने बिजली सड़क पानी की सुविधा देने का रहवासियों को आश्वासन दिया है।

## मप्र में बनाए जाएंगे दस नए मेडिकल कॉलेज

**भोपाल ,(निप्र)।** मध्य प्रदेश में मेडिकल में करियर बनाने वाले स्टूडेंट्स के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। एमपी में जल्द 10 और नए मेडिकल कॉलेज बनाने का काम शुरू होगा। कॉलेज पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे। चिकित्सा विभाग ने मेडिकल कॉलेज बनाने को लेकर टेंडर जारी कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 2 हजार 600 करोड़ की लागत से प्रदेश में 10 मेडिकल कॉलेज बनाए जाएंगे। इसमें कटनी, टीकमगढ़, बालाघाट, धार, सीधी, खरगोन, पन्ना, बैतूल, भिंड और मुरैना जिले शामिल है, जिन्हें मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी।

**एमबीबीएस की 2400 सीटें है**-बता दें कि अभी प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे है। जिसमे एमबीबीएस की 2400 सीटें है। इसके अंतर्गत भोपाल में एआईआईएएस और गांधी मेडिकल कॉलेज, सागर,ग्वालियर,दतिया, खंडवा, रतलाम, शहडोल, विदिशा, छिंदवाड़ा, शिवपुरी, इंदौर, जबलपुर,सतना और रीवा में ये मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे है। वहीं 10 नए कॉलेज बनने के बाद इसकी संख्या बढ़कर बाद में 25 हो जाएगी।

## भोपाल में पैर पसार रहा डेंगू

**भोपाल ,(निप्र)।** बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इस मौसम में मच्छर जनित बीमारियां सबसे ज्यादा देखने को मिलती हैं। इसी बीच एमपी की राजधानी भोपाल में डेंगू के मामले बढ़ने लगे है। रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण पानी इकट्ठा हो रहा है। जिसमें लार्वा पनप रहा है।




# मुनि संघ की विदिशा में भव्य अगवानी

## श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पाद प्रक्षालन कर उतारी आरती

**विदिशा,(निप्र)।** विदिशा में निर्यापक मुनि श्री नियमसागर महाराज और मुनि संघ की भव्य अगवानी की गई। मुनि श्री की अगवानी में हजारों लोग शहर की सड़कों पर उतरे और जगह-जगह आरती की। शहर के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह तोरण द्वार सजाए गए थे। मुनि संघ की शोभा यात्रा में बग्गी पर आचार्य विद्यासागर जी महाराज का तो दूसरी बग्गी पर आचार्य समय सागर जी महाराज का बड़ा कट आउट रखा उसके बाद महिला मंडल और विद्यासागर नव युवक मंडल के दिव्य घोष चल रहे थे। महिलाएं हाथों में धर्म ध्वजा लिए चल रही थीं। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत द्वार एवं रंगोली सजाई गई थी, श्रद्धालु मुनि संघ का पाद प्रक्षालन करके चारों मुनिराजों की आरती की। मुनि संघ की शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई माधवगंज पहुंची।

श्री सकल दि. जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया निर्यापक श्रमण वरिष्ठ मुनि श्री नियमसागर जी महाराज, मुनि श्री पवित्र सागर जी, मुनि श्री निरंजन सागर जी, मुनि श्री आदिसागर जी, क्षुल्लक संयम सागर जी सहित संघ का विदिशा नगर में आगमन हुआ। सकल दि. जैन समाज द्वारा भव्य अगवानी की गई। बासूपूज्य जिनालय से मुनिसंघ की शोभायात्रा घोड़ा बग्गी तथा विभिन्न महिला मंडलों के साथ महिला एवं विद्यासागर दिव्य घोष के साथ प्रारंभ हुई जो कि अहमदपुर चौराहा ओव्हरब्रिज से होकर खरीफाटक रोड़ से होते हुए श्री शांतिनाथ जिनालय स्टेशन जैन मंदिर पहुंची।

# बेतवा नदी में डूबने से युवक की मौत



**विदिशा,(निप्र)।** बेतवा नदी में एक युवक के डूबने का मामला सामने आया है, घाट पर मौजूद लोगों ने युवक को नदी से बाहर निकाला और उसे गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि दोपहर के समय युवक किसी लड़की के साथ बेतवा नदी के तट पर पहुंचा था। अचानक से उस युवक ने बेतवा नदी में छलांग लगा दी थी, इसके बाद जब वह डूबने लगा तो घाट पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने के लिए बेतवा नदी में से उसे बाहर निकाला। युवक की हालत खराब हो गई थी उसे एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय लेकर आए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृत युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है, फिलहाल मर्ग कायम करके जांच शुरू कर दी है।

## डी.पी. आभूषण लिमिटेड

DP

**CIN: L74999MP2017PLC043234**
**Regd. Office:** 138, चांदनी चौक, रतलाम (म.प्र.) – 457001, भारत
**Corp. Office:** 19, चांदनी चौक, रतलाम (म.प्र.) – 457001, भारत
दूरभाष क्रमांक: +91 -7412 -490966, 408900
E-mail: cs@dpjewellers.com; Website: www.dpjewellers.com

### 30-06-2024 को समाप्त होने वाले तिमाही के लिए अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम

आंकड़े लाख में
(प्रति अंश आय को छोड़कर)

| विवरण | मानक वित्तीय परिणाम | | |
|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही के लिए | | समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए |
| | 30-06-2024 अनअंकेक्षित | 30-06-2023 अनअंकेक्षित | 31-03-2024 अंकेक्षित |
| व्यापार से कुल आय | 50472.44 | 47151.56 | 234036.74 |
| शुद्ध लाभ (कर और असाधारण वस्तुओं से पहले) | 3365.03 | 2082.74 | 8338.72 |
| शुद्ध लाभ (कर से पहले और असाधारण वस्तुओं के बाद) | 3365.03 | 2082.74 | 8338.72 |
| शुद्ध लाभ (कर और असाधारण वस्तुओं के बाद) | 2507.69 | 1562.30 | 6186.21 |
| कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद) | 2506.15 | 1562.30 | 6180.07 |
| सामान्य अंश पूंजी (प्रति अंश रुपया 10/-) | 2225.49 | 2225.49 | 2225.49 |
| संचय (पिछले वर्ष की अंकेक्षित तलपट के अनुसार पुनर्मुल्यांकित संचय को छोड़कर) | - | - | 21649.57 |
| प्रति अंश आय (जारी और बंद किए गए व्यापार के लिए) | | | |
| मूल: (समाप्त तिमाही के लिए, बिना वार्षिक किए) | 11.27 | 7.02 | 27.80 |
| मिश्रित: (समाप्त तिमाही के लिए, बिना वार्षिक किए) | 11.27 | 7.02 | 27.80 |

**टिप्पणियाँ:**

1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम सेबी (सूचि निर्धारण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के साथ दायर वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक भाग है। 30-06-2024 को समाप्त तिमाही वित्तीय परिणाम NSE की वेबसाइट www.nseindia.com, BSE की वेबसाइट www.bseindis.com और कंपनी की वेबसाइट www.dpjewellers.com पर उपलब्ध हैं।

**डी. पी. आभूषण लिमिटेड**
-एस डी -
अनिल कटारिया, पूर्णकालिक निर्देशक
DIN - 00092730

**दिनांक:** 18 जुलाई, 2024
**स्थान:** रतलाम